Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding bringing in the stranded students in Phillipines,Malaysia and Singapore due to closure of international airports.

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): अध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद। आज हेल्थ मिनिस्टर भी यहाँ पर उपस्थित है। मैं मंत्री महोदय से यह विनती करूँगी कि फिलीपींस में जो मेडिकल स्टूडेन्ट्स हैं, पूरे देश के 4000 स्टूडेन्ट्स वहाँ पर स्टक हुए हैं। उनमें महाराष्ट्र के 800 स्टूडेन्ट्स स्टक हुए हैं। The Philippines Government has announced to close all international flights within 72 hours, and India announced to close the flights within 15 hours. आप मुझे बताइए। मैं मंत्री महोदय से सिर्फ इतनी ही विनती करूँगी कि हमारे जितने भी 4000 स्टूडेन्ट्स फिलीपींस में स्टक हुए हैं, उन्हें इंडिया में लाने के लिए आप क्या प्रावधान कर रहे हैं? वे सिंगापुर, मलेशिया तथा फिलीपींस में अटक गए हैं। मैं हेल्थ मिनिस्टर जी से एक आखिरी विनती करूँगी। मैं आपके माध्यम से मिनिस्ट्री से निवेदन करती हूँ कि इसके लिए जितने भी एन-95 मास्क और सैनेटाइजर्स हैं, जितने भी पुलिस डिपार्टमेंट्स हैं, समस्त मंत्रालय, तहसील, गवर्नमेंट, बस, ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के जितने भी गवर्नमेंट सर्वेंट्स हैं, उनको ये चीजें उपलब्ध करा कर दें। जब परेशानी आएगी तो हमें सेव करने वाली जगह पर वे उपलब्ध रहेंगे। उन्हें ये फैसिलिटिज़ जरूर दीजिए। फिलीपींस में जितने भी स्टूडेन्ट्स अटके हैं, उन्हें जल्द से जल्द यहाँ पर लाने के लिए मंत्रालय से कुछ न कुछ कोशिश जरूर की जानी चाहिए। इतना बोलते हुए, मैं आपसे विनती करती हूँ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा और श्री मलूक नागर को श्रीमती नवनित रवि राणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान

की जाती है।